बिहार सरकार
उद्योग विभाग
(सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय)

**संशोधित आदेश**

विभागीय आदेश ज्ञापांक–701 दिनांक–15.04.2026 द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत 2024–25 में प्रतीक्षा सूची (अतिरिक्त) के लिए चयनित एवं प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्राप्त 445 (SC/ST-101, EBC-108, Mahila-94 & Yuva-142) लाभुकों के लिए कुल परियोजना लागत की राशि रु0 33,90,80,000.00 (रुपये तेतीस करोड़ नब्बे लाख अस्सी हजार) मात्र पर स्वीकृति प्रदान की गई थी।

जाँचोपरांत उक्त सूची में कतिपय लाभुकों का परियोजना राशि डी0पी0आर0 में अंकित परियोजना राशि से भिन्न पाया गया जिसके संशोधनोपरांत पुनः 445 लाभुकों के लिए कुल परियोजना लागत की राशि रु0 33,83,60,000.00 (तैंतीस करोड़ तीरासी लाख साठ हजार रु0) मात्र पर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

संलग्न संशोधित सूची के आधार पर संबंधित महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र अपने–अपने जिले से संबंधित लाभुकों का प्रथम किस्त का स्वीकृत्यादेश उद्यमी पोर्टल पर 03 (तीन) दिनों के अन्दर अपलोड करेंगे एवं उसी के आधार पर सहायक निदेशक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार स्टार्ट–अप फंड ट्रस्ट (MMUY), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, बिहार, पटना लाभुकों के खाते में स्वीकृत राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे।

आदेश में निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय का अनुमोदन प्राप्त है।

अनु0– यथोपरि।

ह0/-
सहायक निदेशक,
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 1277 / पटना, दिनांक– 19/6/26
सं0सं0–4तक0 / MMUY–प्रतीक्षा सूची भुगतान (2024–25) / 16 / 2026

प्रतिलिपिः–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार स्टार्ट–अप फंड ट्रस्ट (MMUY), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, बिहार, पटना / संबंधित महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, बिहार / सभी सहायक निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय / संबंधित नोडल पदाधिकारी, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना / आई0टी0 मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

19/06/26
सहायक निदेशक,
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय,
बिहार, पटना।

jana draft-2